**घटना** | जिला प्रशासन ने तत्काल नहर से पानी की निकासी कराई बंद, सगड़ा-झपनी के पास स्थित है नहर

# रीवा तक जाने वाली प्रमुख नहर फूटी, बाढ़ जैसे हालात





**नवभारत, जबलपुर।** बरगी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सगड़ा-झपनी के बीच से होकर दाईं ओर बहने वाली वह प्रमुख नहर रविवार दोपहर को अचानक फूट गई। नहर के फूटते ही भारी मात्रा में वहां स्थित खेतों में पानी भर गया और पानी आबादी वाले इलाकों में प्रवेश करने लगा जिससे बाढ़ जैसी स्थिति भी नजर आई। नहर के फूटने की सूचना पर जिला प्रशासन तत्काल अलर्ट मोड पर आया और तत्काल बरगी बांध की दाईं तट नहर से पानी की निकासी पूर्णतः बंद कराई गई।

इसके साथ ही जिस स्थान पर नहर टूटी है उसके आगे के नहर के सभी गेट खोल दिये गये हैं, ताकि खेतों में भरे पानी की निकासी तेजी से हो सके। जानकारी के अनुसार बरगी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सगड़ा-झपनी के बीच से होकर दाईं ओर बहने वाली वह प्रमुख नहर रीवा तक जाती है। नहर फूटने की मुख्य वजह क्या है और ये हालात क्यों बने इसकी प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

## फसलों के नुकसान का सर्वे शुरू : एसडीएम

एसडीएम अभिषेक सिंह ने नवभारत को बताया कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर नहर के टूटने के कारण खेतों में पानी भर जाने से फसलों को हुये नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया गया है। प्रभावित किसानों राहत राशि का वितरण किया जाएगा। साथ ही सगड़ा झपनी के अलावा अन्य किस किस खेतों में पानी भरा है उसका भी परीक्षण कराया जा रहा है। वहीं कार्यपालन यंत्री बरगी बांध श्रद्धा बंसोडकर ने बताया कि रविवार दोपहर लगभग 12 बजे बरगी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सगड़ा के पास मुख्य नहर के टूटने से नरई नाला से लगे कुछ खेतों में पानी भर गया था। सूचना मिलते ही बरगी बांध से दाईं तट नहर से पानी की निकासी पूरी तरह बंद कर दी गई है और टूटे हिस्से के आगे के नहर के सभी गेट खोल दिये गये।

## पहले से ही नहर में पानी का दवाब अधिक था

प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि नहर में पहले से ही पानी का दबाव काफी अधिक था। रविवार को अचानक नहर की दीवार कमजोर होकर टूट गई और कुछ ही मिनटों में पानी आसपास के निचले इलाकों में भरने लगा। देखते ही देखते जलस्तर लगातार बढ़ता चला गया। फिलहाल स्थिति यह है कि दर्जनों गांवों पर बाढ़ का सीधा खतरा मंडराने लगा है।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि नहर की हालत लंबे समय से जर्जर बनी हुई थी। कई बार संबंधित विभाग को मरम्मत और सुदृढ़ीकरण की मांग की गई, लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज उसी लापरवाही का परिणाम नहर फूटने के रूप में सामने आया है। नहर का पानी खेतों में घुसने से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। कई किसानों की खड़ी फसल जलमग्न हो चुकी है।

## सोमवार को शुरू होगा मरम्मत कार्य

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जबलपुर अभिषेक सिंह एवं बरगी बांध की दाईं तट नहर की कार्यपालन यंत्री श्रद्धा बंसोडकर ने बताया कि नहर के क्षतिग्रस्त होने से सगड़ा-झपनी, बम्हनोदा, रोसरा, चारघाट, पिपरियाकला और घाना के कुछ हिस्से प्रभावित हुये थे, लेकिन कहीं भी बाढ़ की स्थिति नहीं बनी। किसी भी घर में पानी नहीं भरा और कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही तुरंत मुनादी करा कर लोंगो को सतर्क कर दिया गया था। और स्थिति सामान्य कर दी गई थी। कार्यपालन यंत्री दाईं तट नहर श्रृद्धा बंसोडकर के मुताबिक बरगी बांध की दाईं तट नहर के क्षतिग्रस्त इस हिस्से की मरम्मत का कार्य सोमवार की सुबह से प्रारंभ कर दिया जायेगा। मरम्मत कार्य के लिये आवश्यक मशीनरी और सामग्री मौके पर पहुंचाई जा चुकी है।

## फांसी के फंदे पर झूली युवती

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत भकलिया में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि श्रीमति रूकमन चौधरी 36 वर्ष निवासी भकलिया ने सूचना दी कि बेटी सुहानीके कमरे का दरवाजा खटखटाया, दरवाजा न खुलने पर बेटे अरमान ने घर के ऊपर चढ कर खपरे उठाकर देखा तो सुहानी पंखे से फांसी पर लटकी हुई थी।











जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)

INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT | DEVELOPED INDIA MISSION

**लघु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: पीपीडी/डिजीएम-I/डिसमॅन्टलिंग बिल्डिंग्स/टी-55(आर)/2026 दिनांक: 30.01.2026**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण द्वारा "जेएनपी टाउनशिप के सेक्टर-I के ए-43 से ए-65 तथा सेक्टर-III के ए-13 से ए-20 (कुल 31 भवनों) के भवनों का ध्वस्तीकरण करना, भवन स्क्रैप एवं निर्माण सामग्री को हटाकर ले जाना।" इस कार्य के लिए प्रतिशत दर आधार पर **"ऑन-लाइन"** निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

इस कार्य के लिए न्यूनतम **आरक्षित मूल्य रुपये 2,16,90,000.00** निर्धारित किया गया है। निविदा बिक्री की अवधि 02.02.2026 से 28.02.2026 तक रहेगी। इस निविदा दस्तावेज में निर्धारित **"न्यूनतम अर्हता मानदंड"** को पूर्ण करने वाले अनुभवी ठेकेदारों को अपनी निविदाएँ दो कवर प्रणाली में ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा दस्तावेज जेएनपीए की वेबसाइट "www.jnport.gov.in" अथवा "https://eprocure.gov.in" पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)**










अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57